दिन— बुधवार दिनांक— 31 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने मानव स्वास्थ्य पर बढ़ते खतरे को देखते हुए 100 मिलीग्राम से अधिक निमेसुलाइड युक्त सभी दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर लगाया प्रतिबंध।

02. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा— भूमि विवाद का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ की जायेगी कड़ी कार्रवाई।

03. राज्य सरकार ने लोक आस्था की महापर्व छठ को यूनेस्को की विरासत सूची में शामिल करने के लिए केन्द्र सरकार से किया अनुरोध।

04. प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन प्रभावित। रेल, सड़क और विमान परिचालन बाधित होने से यात्री परेशान।

05. और, नया साल दो हजार छब्बीस के स्वागत की तैयारी में जुटे हैं लोग। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सुख और समृद्धी की कामना की।

---

केन्द्र सरकार ने 100 मिलीग्राम से अधिक निमेसुलाइड युक्त सभी दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने गजट अधिसूचना जारी कर कहा है कि यह कदम औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड के परामर्श से औषधि और सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 की धारा 26ए के तहत लिया गया है। मंत्रालय ने बताया है कि निमेसुलाइड युक्त सभी दवाओं का उपयोग स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। इसलिए इसके सुरक्षित विकल्प का ही इस्तेमाल किया जाय। निमेसुलाइड एक नॉनस्टेरॉइडल सूजनरोधी दवा है। इसका उपयोग तीव्र दर्द के उपचार में किया जाता है।

---

भारतीय रेलवे ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का अंतिम उच्च गति परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह परीक्षण कोटा—नागदा रेल खंड पर किया गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर पानी से भरे गिलास की स्थिरता का प्रदर्शन करने वाला वीडियो साझा किया। इसमें पानी से भरे गिलास तेज गति पर भी बिना छलके स्थिर रहे। यह इस नई पीढ़ी की ट्रेन की उन्नत

सवारी गुणवत्ता, बेहतर सस्पेंशन और तकनीकी मजबूती को दर्शाता है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि यह सफलता, आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के अंतर्गत नवाचार, सुरक्षा और स्वदेशी रेल निर्माण को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

———बाइट———

परीक्षण के दौरान इस्तेमाल की गई 16 कोच वाली वंदे भारत स्लीपर को लंबी दूरी की यात्रा के लिए तैयार किया गया है। इसमें यात्रियों की सुविधा के लिए आरामदायक स्लीपर बर्थ, ऑटोमेटिक दरवाजे, आधुनिक शौचालय, सुरक्षा निगरानी प्रणाली सीसीटीवी, कैमरे और डिजिटल यात्री सूचना प्रणाली शामिल है। इन सुविधाओं का उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित आरामदायक और विश्व स्तरीय यात्रा अनुभव देना है परीक्षण के दौरान ट्रेन की तकनीकी जांच की गई। इस दौरान ट्रेन की स्थिरता, आपातकालीन ब्रेक, सुरक्षा प्रणालियां और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं का मूल्यांकन किया गया। यह जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त की निगरानी में हुई तेज रफ्तार पर ट्रेन का प्रदर्शन पूरी तरह संतोषजनक पाया गया और रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने इस परीक्षण को सफल घोषित किया। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

भारत एक बड़ी छलांग लगाते हुए जापान को पछाड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। केन्द्र सरकार की रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस की दूसरी तिमाही में देश के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी में आठ दशमलव दो प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था का आकार मजबूत आर्थिक वृद्धि, घरेलू मांग और निजी उपभोग के आधार पर चार हजार एक सौ अस्सी अरब अमेरिकी डॉलर का हो गया है। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संस्थानों ने दो हजार तीस तक भारत के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के संकेत दिए हैं।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहेब सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि अब भारत के तीसरी अर्थव्यवस्था बनने को लेकर भी कोई संशय नही होना चाहिए।

———बाइट———

---

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज अयोध्या में राम मंदिर परिसर के भीतर स्थित अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित थे। अन्नपूर्णा मंदिर राम मंदिर परिसर के सात मंदिरों में से एक है। 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर के निर्माण कार्य के औपचारिक समापन के उपलक्ष्य में भगवा ध्वज फहराया था। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर पूरे अयोध्या में उत्सव का माहौल है। आज परंपरागत विधियों से राम मंदिर परिसर में यज्ञ, हवन और पूजन किया जा रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ संत, महात्मा, धर्माचार्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज परकोटा में बने अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण भी किया। आज राम भक्तों के साथ ही अयोध्या के लगभग 1200 संतों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। इससे पहले अयोध्या पहुंचने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन भी किया। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में मनाई जा रही राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इसको आस्था और परंपरा का एक दिव्य उत्सव बताया। प्रधानमंत्री ने देश–विदेश में फैले राम भक्तों की ओर से भगवान श्री राम को नमन किया।

---

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सूधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि भूमि विवाद का त्वरित समाधान आवश्यक है और यह सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। श्री सिन्हा ने सहरसा में आज भूमि सूधार जनकल्याण संवाद को संबोधित करते हुए साफ किया कि अब सरकार सीधे नागरिकों की सुनवाई और अफसरों की जवाबदेही तय करने पर फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि जनकल्याण संवाद के दौरान प्राप्त आवेदनों को डिजिटल पोर्टल पर दर्ज कर उसकी नियमित मोनिटरिंग की जायेगी।

———बाइट———

---

भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पांडेय ने मांग की है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीद की गारंटी का प्रावधान होना चाहिए। श्री पांडेय ने

आज एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य में कहीं भी निर्धारित एमएसपी पर धान की खरीद नहीं हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिचौलियों की सक्रियता से किसान पन्द्रह सौ रूपये से सोलह सौ रूपये प्रति क्वींटल धान बाजार में बेचने को मजबूर हैं।

---

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है। घने कुहासे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से रेल, सड़क और हवाई यातायात भी बाधित हुआ है। आज सुबह राज्य के उत्तर–पूर्वी, उत्तर–मध्य और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कई जगहों पर घना से अत्यधिक घना कुहासा छाया रहा। इधर, पटना और आसपास के क्षेत्रों में दिन में हल्की धूप निकलने से लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले पांच दिनों तक मौसम के रूख में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कई जगहों पर भीषण शीत दिवस का अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। जहां का न्यूनतम तापमान पांच डग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

भीषण ठंड और कोहरे के कारण पटना के सभी स्कूलों में कक्षा आठ तक पठन–पाठन का कार्य दो जनवरी तक प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिलाधिकारी त्यागराजन एसएम ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। वहीं, नौवीं और इससे ऊपर की कक्षाओं का संचालन सुबह दस बजे से अपराह्न साढ़े तीन बजे तक ही किया जा सकता है।

---

छठ महापर्व को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल करने के लिए प्रयास तेज कर दिया गया है। कला और संस्कृति विभाग ने पत्र लिखकर केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय से इस संबंध में औपचारिक अनुरोध किया है। विभाग के सचिव प्रणव कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सूर्य उपासना की अनूठी सांस्कृतिक परंपरा महापर्व छठ जल्द ही विश्व विरासत सूची में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद पूरे विश्व में छठ महा पर्व की पहचान होगी।

---

साल दो हजार पच्चीस का आज अंतिम दिन है। लोग दो हजार पच्चीच की विदाई और नव वर्ष दो हजार छब्बीस की स्वागत की तैयारी में जुटें है। इस अवसर को खास बनाने के लिए विभिन्न होटलों, रेस्टॉरेंट, पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विशेष इंतजाम किए गए है। इधर, प्रशासन ने नव वर्ष के अवसर पर सुरक्षा के खास इंतजाम किए हैं। विभिन्न चौक चौराहों पर मजिस्ट्रेट की निगरानी में जवानों की तैनाती की गई है। साथ ही हुड़दंग मचाने वाले बाइकर्स गैंग और अन्य आसामाजिक तत्वों पर भी नजर रहेगी।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है कि नव वर्ष नई ऊर्जा और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। राष्ट्रपति ने वर्ष में सभी के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया संदेश में कहा है कि नव वर्ष केवल तारीख बदलने का अवसर नही है बल्कि नये संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का मौका है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी राज्यवासिसों को नव वर्ष की बधाई और शुभकामना दी है।

---

और अब एक जरूरी सूचना।

प्रादेशिक समाचार एकांश पटना की ओर से विशेष प्रस्तुति वर्षांत दो हजार पच्चीस का प्रसारण किया जा रहा है। आज इस कार्यक्रम को रात्रि सात बजकर बावन मिनट से आकाशवाणी पटना के प्राइमरी चैनल पर सुना जा सकता है।

---

आकाशवाणी पटना के समाचार अनुभाग के सहायक निदेशक श्री कृष्ण कुमार लाल आज सेवानिवृत हो गये। श्री लाल के अलावा कार्यक्रम प्रमुख श्रीमती नंदिनी वर्मा और अभियंत्रण अनुभाग के सहायक निदेशक श्री उदय शंकर भी आज अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद सेवानिवृत हो गये। वहीं, विज्ञापन प्रसारण सेवा में पदस्थापित एमटीएस श्री शिव प्रसाद भी आज सेवानिवृत हो गये। इन अधिकारियों और कर्मियों के सम्मान में आकाशवाणी क्लब, पटना में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आकाशवाणी केंद्र, पटना के प्रमुख हेमंत डी. सिडाम सहित वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों ने उनके कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा की बीसवी पुण्यतिथि के अवसर पर आज पटना के नवीन सिन्हा पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और स्वर्गीय सिन्हा के पुत्र नितिन नबीन समेत अन्य गणमान्य लोगों ने उनकी प्रतीमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से सक्षमता परीक्षा के पांचवें चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है। नियोजित शिक्षक नौ जनवरी तक आवेदन कर सकेंगे।

---